# सुजाग्रति समाज सेवी संस्था मुरैना द्वारा पर्यावरण पर किया गया कार्य –

## 1. पर्यावरण संरक्षण/जैवविविधता पर कवि सम्मेलन –

### सामाजिक मुद्दो पर संस्थाओं की संवेदनशीलता सराहनीय विधायक मुदगल जी

### पर्यावरण मित्र कार्यक्रम पर कवि पंचायत

मुरैना– बडोखर हनुमान मन्दिर पर कवि पंचायत में पर्यावरण प्रदूषण एवं कन्या भ्रूण हत्या की समस्याऐं वर्तमान दौर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण समस्याऐं है। इन समस्याओं के समाधान के लिए स्वंयसेवी संस्थाऐं सक्रिय है। विशेष रूप से पर्यावरण प्रदूषण एवं लिंगानुपात के अंसतुलन को लेकर संस्थाओं की संवेदनशीलता और उनके द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय है। यह उद्गार सुजाग्रति समाज सेवी संस्था एवं संस्कृति संस्था के संयुक्त तत्वाधान में सेन्ट्रल फॉर इन्वायरमेंट एज्यूकेशन (ब्म्म्) भोपाल एवं म0प्र0 वॉलेन्ट्री हेल्थ एसोसियेशन भोपाल के सहयोग से आयोजित कवि पंचायत समारोह में मुख्य अतिथि की हैसियत से बोलते हुए स्थानीय विधायक श्री परशुराम मुदगल जी ने व्यक्त किए।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी श्री कैलाश मित्तल ने कहा कि मुरैना जिले में स्त्री पुरूष अनुपात की अंसतुलित स्थिति सरकार और समाज के लिए गंभीर चुनौती है जिसका सामना हम सबकों मिलकर करना है। साथ ही पर्यावरण मित्र कार्यक्रम की उनके द्वारा प्रसंसा की गयी।

कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कवि पंचायत कार्यक्रम के अन्तर्गत संभाग के एक दर्जन से अधिक कवियों ने विषय आधारित मार्मिक एवं लोकोपयोगी कविताओं का पाठ किया। कविता पाठ करने वाले कवियों में सर्वश्री भगवती प्रसाद कुलश्रेष्ठ, विक्रांत तोमर, प्रमोद प्रयासी, जगत शर्मा, ऋतुराज सेन, विनोद मिश्रा, एल.एन. झा, राजेन्द्र शुक्ला, श्रीराम सोनी, सुमति सहयोगी, रचना गोस्वामी, कैलास सुमन, ओम गोस्वामी, देवेन्द्र तोमर तथा विधायक परशुराम मुदगल जी प्रमुख थे।

कार्यक्रम के तीसरे तथा अंतिम चरण में विधायक परशुराम मुदगलजी के कर कमलों से लैंगिक भेदभाव के खिलाफ अभियान के अन्तर्गत प्रकाशित वार्षिक कलेन्डर का लोकार्पण कराया गया साथ ही कवि जगत शर्मा (दतिया) को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम श्री अध्यक्षता भगवती प्रसाद कुलश्रेष्ठ ने की तथा संचालन विनोद मिश्र ने किया। तथा कार्यक्रम का आभार श्री जाकिर हुसैन सुजाग्रति अध्यक्ष द्वारा व्यक्त किया गया।









1. जैवविविधता पर चित्रकला प्रतियोगिता का अयोजन संस्था द्वारा किया गया तथा इसकी रिपोर्ट व चित्र जैवविविधता बोर्ड भोपाल को भेजी जा चुकी है।
2. स्कूल गॉवों व सार्वजनिक स्थलों पर समयानुसार पौधों का रोपण तथा रखरखाव – संस्था द्वारा बाबा देवपुरी , बाबा रामदास के मंदिर पर व ग्राम पिपरई , ग्राम

कोलुआ तथा बृद्धआश्रम मुरैना , न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना में समयानुकूल बृक्षारोपण किया व रखरखाव किया।










1. पर्यावरण संरक्षण हेतु रैलीायों का आयोजन – संस्था द्वारा ग्राम कोलुआ , माधोपुरा से रेल्वे फाटक , न्यू हाउसिंग बोर्ड से बैरियल

## <u>जल संरक्षण पर कार्यक्रम व रैली का आयौजन</u>

सुजागृति समाज सेवी संस्था मुरैना द्वारा लॉयन्स पब्लिक स्कूल, किड्स कॉन्वेट स्कूल न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मुरैना तथा एशियन पब्लिक स्कूल में अन्तर्राष्ट्रीय जल दिवस दिनांक 22.03.2012 को पर्यावरण मित्र कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण एवं सम्वर्धन पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया तथा स्कूली बच्चों की रैली निकाली गई।

कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिंह तौमर वकील साहब द्वारा बच्चों को बताया कि जल है तो कल है अगला विश्व युद्ध पानी पर ही होने वाला है पानी की समस्या आज सभी जगह है इसलिये इसका दुरूप्रयोग न करें इसके दुरूप्रयोग के कारण ही धीरे–धीरे जमीन का जल स्तर नीचे होता जा रहा है तथा

उपयोगी पानी की कमी होती जा रही है सुजागृति संस्था के अध्यक्ष श्री जाकिर हुसैन द्वारा बताया गया कि जल से धरती है रसवान जो भी रस है वह पानी से ही है पानी के अभाव में हमारा जीवन तथा प्राकृति नीरस हो जायेगी उन्होने ये भी कहा जल से वन है तो जीवन है ये ही सबसे बड़ा धन है क्योंकि पानी से ही जंगल है तथा जंगल एवं पेड़ पौधो से हमें प्राण वायु (ऑक्सीजन) मिलती है इसलिये पानी का सही उपयोग करें।

इस कार्यक्रम में लॉयन्स पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री सेंगर साहब तथा किड्स कॉन्वेट के प्राचार्य द्वारा भी वर्षा के अमूल्य जल को धरती पर रोकने का ज्ञान बच्चों को दिया इस कार्यक्रम में स्कूलों के बच्चें तथा स्टाफ द्वारा भागीदारी की गई तथा पानी के सही उपयोग एवं संवर्धन हेतु संकल्प लिया गया।









2. स्थानीय लोगों मे परिचर्चा – संस्था द्वारा 125 स्कूलों में पर्यावरण मित्र कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिनके बच्चों, षिक्षकों एवं स्थानीय लोगों के साथ परिचर्चा व उनका उन्मुखीकरण कार्य किया गया –






3. पर्यावरण पर सांस्कृतिक कार्यक्रम – 10 गॉवों में पर्यावरण पर दुलारी बाई नाटक का मंचन कराया गया जिसमें साफ सफाई तथा पानी संरक्षण को लेकर कलाकारों ने समा बांधा –




अध्यक्ष
सुजाग्रति समाज सेवी
संस्था मुरैना म0प्र0